दिनांक06फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य है जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं। जिस पर कार्यवाही करते हुए आज नेहरू नगर सरस्वती स्कूल के पास, अग्रसेन चौक, श्रीराम चौक, शहीद कौशल चौक, पानी टंकी के पास हुडको , कृष्णा जनरल स्टोर्स के पास, महिन्द्र कोचिंग सेंटर के पास , जनता किराना माॅडल टाउन , हनुमान मंदिर माॅडल टाउन , गैस एजेंसी के आसपास क्षेत्र में विचरण कर रहे आवारा कुत्तों को पकड़ा गया, जिसे डॉग हाउस में बधियाकरण करने हेतु रखा गया है। शिकायत के आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य भी किया जा रहा है। इसी तरह 30 जनवरी से आज दिनांक तक निगम के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर 98 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया है! निदान 1100 मे भी प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है , जिसमें कुत्ते की भी शिकायत आए दिन प्राप्त होती रहती है जिसके लिए एजेंसी नियुक्त किया गया है। आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य तुलसी महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है , इनके टीम में 8 से 10 लोग सम्मिलित है, जिनके पास दो वाहन उपलब्ध है इन वाहनों के माध्यम से आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य किया जाता है। कुत्तों को पकड़ने के लिए तुलसी महिला स्व सहायता समूह के द्वारा बीस से अधिक जालियां तैयार की गई है जिसके माध्यम से कुत्ता पकड़ने का कार्य किया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी